
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

13 सितंबर 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

शिक्षा का उद्देश्य बालक को कर्मठ नागरिक बनाना और समाज की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बनाना है।

**अरबिंदो घोष**




राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org


मधु प्रिया

# विश्व सेप्सिस डे 13 सितंबर




हर वर्ष 13 सितंबर को वर्ल्ड सेप्सिस डे मनाया जाता है। इस दिन लोगों को सेप्सिस के बारे में जागरूक किया जाता है। जो एक जानलेवा कंडीशन है। सामान्य तौर पर इंफेक्शन के दौरान शरीर से कुछ केमिकल मैसेंजरर्स(जैसे प्रोस्टाग्लैंडीन्स) खून में रिलीज होते हैं जिससे बीमारी फैलने वाले  पैथोजेन पैदा ना हो सके। सेप्सिस तब होता है जब बॉडी इन केमिकल्स को ठीक से रेस्पॉन्ड नहीं कर पाती और यह कंट्रोल से बाहर होकर बॉडी को ही डैमेज करने लगता है। इस कंडीशन में मल्टीप्ल ऑर्गन फेल होना या शरीर को काफी नुकसान हो सकता है। अगर कंडीशन सेप्टिक शॉक तक पहुंच जाए तो मरीज का ब्लड प्रेशर काफी नीचे पहुंच जाता है और मरीज की मौत तक हो सकती है। इसलिए सिप्सिस के बारे में जानना और उसके बारे में जागरूकता फैलाना बहुत जरूरी है। बॉडी में इन्फेक्शन जैसे निमोनिया, घाव से पस निकलना यूरिनरी ट्रैक इंफेक्शन वगै karह। शरीर का तापमान 100.94 डिग्री फारेनहाइट से ज्यादा या 96.8 डिग्री से कम हो जाता है बेचैनी या दिमाग अस्थिर हो जाता है, ब्लड प्रेशर में उतार चढ़ाव 90 बिट्स पर मिनट से ज्यादा हार्ट रेट, तेजी से सांस चलना शुरू में मरीज का स्किन गर्म और लाल देखना इत्यादि है। लेकिन मर्ज बढ़ाने के साथ स्किन काफी ठंडी हो जाती है, पेशाब कम आना या पूरे दिन पेशाब न आना। भारतीयों पर हुई एक स्टडी के मुताबिक से सेप्सिस मरीजों में श्वास नली में होने वाला इन्फेक्शन सबसे ज्यादा पाया जाता है। दूसरी वजहे इंट्रा एब्डामिनल इनफेक्शंस(पेट में होने वाले) ब्लड इंफेक्शन, यूरिनरी ट्रैक्ट इनफेक्शन, स्किन इन्फेक्शन, गाइनेकोलॉजिकल इन्फेक्शन, हड्डी और जोड़ों का इन्फेक्शन और कई अनजाने स्रोतों से होने वाले इन्फेक्शन हैं।

# पुण्यतिथि विशेष 13 सितंबर




**जतीन्द्रनाथ दास** *Jatindranath Das*; जन्म- 27 अक्टूबर, 1904, कलकत्ता, ब्रिटिश भारत; मृत्यु- 13 सितम्बर, 1929, लाहौर, पाकिस्तान) भारत के प्रसिद्ध क्रान्तिकारियों में से एक थे, जिन्होंने देश की आज़ादी के लिए जेल में अपने प्राण त्याग दिए और शहादत पाई। इन्हें 'जतिन दास' के नाम से भी जाना जाता है, जबकि संगी साथी इन्हें प्यार से 'जतिन दा' कहा करते थे।

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

## (सुरक्षित शनिवार)

राकेश कुमार

माह: September 2025

| | |
|---|---|
| **प्रथम शनिवार**<br>दिनांक 06.09.2025 | डायरिया के सम्बन्ध में जानकारी तथा ओ.आर.एस. बनाने से संबंधित कौशल प्रशिक्षण |
| **द्वितीय शनिवार**<br>दिनांक 13.09.2025 | सड़क / रेल दुर्घटना से बचाव के संदर्भ में जानकारी |
| **तृतीय शनिवार**<br>दिनांक 20.09.2025 | भूंकप से खतरे एवं बचाव के बारे में जानकारी ( मॉकड्रिल ) |
| **चतुर्थ शनिवार**<br>दिनांक 27.09.2025 | नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव के संदर्भ में जानकारी |









**बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण**

www.teachersofbihar.org

TOB
खेल कॉर्नर

स्रोत : दैनिक भास्कर

# WTA विमेंस रैंकिंग

| रैंक | खिलाड़ी | देश | पॉइंट्स |
|---|---|---|---|
| 1 | आर्यना सबालेंका | बेलारूस | 11,225 |
| 2 | ईगा स्वियातेक | पोलैंड | 7,933 |
| 3 | कोको गॉफ | अमेरिका | 7,874 |
| 4 | अमांडा अनीसिमोवा | अमेरिका | 5,159 |
| 5 | मिर्रा आंद्रेएवा | रूस | 4,793 |
| 6 | मैडिसन कीज़ | अमेरिका | 4,579 |
| 7 | जेसिका पेगुला | अमेरिका | 4,383 |
| 8 | जैस्मिन पाओलिनी | इटली | 4,006 |
| 9 | किनवेन झेंग | चीन | 4,003 |
| 10 | एलेना राइबाकिना | कजाकिस्तान | 3,833 |

# Teachers of Bihar
The Change Makers


# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 13.09.2025

## समग्र विकास

समग्र विकास का अर्थ है किसी व्यक्ति या समुदाय के सभी पहलुओं - शारीरिक, भावनात्मक, सामाजिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक - का संतुलित और संपूर्ण विकास। यह सिर्फ शैक्षणिक या आर्थिक प्रगति पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय व्यक्ति या समाज के सर्वांगीण कल्याण और परिपक्वता को बढ़ावा देता है। समग्र विकास का उद्देश्य व्यक्ति को जीवन की चुनौतियों का सामना करने और एक सार्थक जीवन जीने के लिए तैयार करना है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



## क्या आपको पता है ?

दुनिया का सबसे मजबूत पदार्थ "ग्राफीन" कागज से दस लाख गुना पतला और स्टील से 200 गुना मजबूत है, ऊर्जा, यह इलेक्ट्रॉनिक्स, जल निस्पंदन और यहां तक कि चिकित्सा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में क्रांति लाने की क्षमता रखता है

"

पथ मैं काटे तो होंगे ही
दुर्वादल,सरिता,सर होंगे
सुंदर गिरि, वन,वापी होंगी
सुंदर-सुंदर निर्झर होंगे
सुंदरता की मृगतृष्णा में
पथ भूल  जाना पथिक  कहीं।

शिवमंगल सिंह सुमन

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org



# विश्व सेप्सिस डे

**13 सितंबर**

**आइए इस बीमारी के प्रति लोगों को जागरुक करे और खुद भी जागरुक बनें।**

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

www.teachersofbihar.org

Madhu priya




www.teachersofbihar.org



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
महान स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रांतिकारी
जितेन्द्र नाथ दास
की पुण्यतिथि पर सादर नमन।
27 अक्तूबर 1904-13 सितंबर 1929
www.teachersofbihar.org
Madhu priya